# राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत, कुछ राशियों के लिए शुभ वर्ष, 2024 में पड़ेंगे दो सूर्य, दो चंद्रग्रहण

हरिभूमि, जबलपुर

ग्रह-नक्षत्रों का मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों के स्थान में बदलाव व ग्रहणों के साथ ही इंसान के भाग्य में भी परिवर्तन होता है। साल 2024 में भी चार ग्रहण देखने को मिलेंगे। इनमें से दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण होंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नए वर्ष में वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण होली के दिन ही लगने वाला है। 25 मार्च सोमवार के दिन यह चंद्रग्रहण पड़ेगा। अन्य तीन ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देंगे, इसलिए इनका सूतक यहां नहीं लगेगा। मां चामुंडा दरबार पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इन ग्रहणों का मिलाजुला असर पड़ेगा। मकर, तुला व धनु राशि के लिए ये ग्रहण शुभ होंगे। वहीं मेष, कन्या, सिंह राशियों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इन ग्रहणों के प्रभाव से राजनीतिक उथलपुथल भी होने के संकेत हैं।



### शुभ, धार्मिक कार्य होते रहेंगे

पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि जहां-जहां पर चंद्र व सूर्य ग्रहण दिखता है, वहीं पर ही इसका असर माना जाता है। इसलिए सूतक को भी वहीं मान्य माना जाता है। बता दें कि वर्ष 2024 के दोनों चंद्र व सूर्य ग्रहण भारत में नहीं नजर आने वाले हैं। यही वजह है कि इन ग्रहणों के दौरान किसी भी प्रकार के शुभ या फिर धार्मिक कार्य करने में कोई मनाही नहीं रहेगी।



### चारों के सूतक नहीं

पंडित शिवशंकर तिवारी के अनुसार साल 2024 में पहला ग्रहण 25 मार्च को लग रहा है। प्रथम चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 04 घंटे 36 मिनट होगी। वहीं दूसरा चंद्र ग्रहण 18 सितंबर को लगेगा। द्वितीय चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 04 घंटे 04 मिनट रहेगी। साल 2024 का प्रथम सूर्य ग्रहण आठ अप्रैल को पड़ेगा। इस सूर्य ग्रहण की कुल अवधि चार घंटे 39 मिनट होगी। दूसरा सूर्य ग्रहण दो अक्टूबर 2024 को लगेगा। द्वितीय सूर्य ग्रहण की कुल अवधि छह घंटे चार मिनट होगी। इनका असर भारत में देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए इनका सूतक भी यहां मान्य नहीं होगा।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रथम नगर आगमन कल

# संभागीय बैठक की कैबिनेट जैसी तैयारियां

**जबलपुर। मुख्यमंत्री मोहन यादव कल जबलपुर आ रहे हैं। यहां वे शक्ति भवन में सुबह संभाग संभाग स्तरीय प्रशासनिक समीक्षा बैठक करेंगे। दिन में गैरीसन ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, वहीं शाम को ग्वारीघाट में महाआरती में शामिल होंगे। सीएम के प्रथम नगर आगमन को देखते हुये जिला प्रशासन का फर्श से अर्श तक अमला जुट गया है। वहीं दूसरी तरफ सीएम के प्रथम नगर आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिये भारतीय जनता पार्टी नगर एवं ग्रामीण जुट गई है। तैयारियों को सुनिश्चित करने सोमवार सुबह प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह और अपर कलेक्टर मिशा सिंह भी शक्ति भवन में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंची।**



गौरतलब है कि इसके पहले 29 दिसम्बर को जबलपुर कलेक्टर कार्यालय के सभागार में अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार द्वारा संभाग स्तरीय समीक्षा की जा चुकी है। इसके चलते प्रशासनिक कामकाज के ढीले पेंच कसे जा रहे हैं। इसमें कानून और व्यवस्था से लेकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास सम्बधित परियोजनाओं पर फोकस बढ़ गया है।

### तीन होटलें व रेस्ट हाउस बुक

वही दूसरी ओर जबलपुर में मोहन केबिनेट की पहली बैठक की खबर तेजी से चल रही है। जिला प्रशासन द्वारा केबिनेट के हिसाब से ही तैयारी की जा रही है। शहर के सर्पिट हाउस, के अलावा होटल विजन महल, नर्मदा जेक्शन, होटल कलचुरी सहित एमपीईबी रेस्ट हाउस, बरगी रेस्ट हाउस में कमरे आरक्षित करा दिए गए है। प्रोटोकॉल के हिसाब से मंत्रियों के लिए वाहन और सुरक्षा की व्यवस्था भी की जा रही है।

### अलर्ट पर पुलिस प्रशासन

कल जबलपुर में जबलपुर में होने वाले हाई प्रोफाईल दौरे और कार्यक्रम को देखते हुये जिला प्रशासन आला अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों मंत्री तथा विधायकों के प्रोटोकॉल के मुताबिक उनके लिये व्यवस्थाएं करने में जुटा है। इसके चलते सर्पिट हाउस क्रमांक एक और दो सहित रेस्ट हाउस, एमपीईबी के रेस्ट हाउस आदि में कमरे बुक कर व्यवस्थाएं बनायी जा रही हैं। माना जा रहा है कि कल सीएम के साथ मंत्री, विधायक, आला अधिकारी भी जबलपुर आएंगे। जिले में पूरे दिन वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा, जिसके चलते पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया है।

### गैरीसन में सभा, ग्वारीघाट में महाआरती

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। वहीं शाम को नर्मदा के ग्वारीघाट तट पर नर्मदा की महाआरती में शामिल होंगे। संभागीय बैठक के लिये शक्ति भवन का चयन किया गया है। लेकिन प्रशासन द्वारा यहां केबिनेट स्तर की बैठक की तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन जिस तरह से रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, होटलें बुकी गई हैं, उससे केबिनेट की बैठक को बल मिला रहा है। हालांकी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं है। भाजपा संगठन स्तर पर भी तैयारियां जारी है।

### हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा

# सरकार के अधीन निगमों के स्थायी कर्मचारी भी उपचार की प्रतिपूर्ति पाने के अधिकारी

जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा कि केवल राज्य सरकार के स्थायी कर्मचारी ही नहीं वरन सरकार के अधीन निगमों के स्थायी कर्मचारी भी उपचार की प्रतिपूर्ति पाने के अधिकारी हैं। जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने मप्र बीज एवं फॉर्म विकास निगम के एक कर्मचारी आनंद वारी की याचिका का निराकरण करते हुए उक्त व्यवस्था दी। दलील दी गई कि मप्र सिविल सर्विस (मेडिकल सेवा) नियम 1958 की कण्डिका 1 (2) में स्पष्ट प्रावधान है कि मप्र शासन के कर्मचारी चाहे सेवा में हो, प्रतिनियुक्ति पर हो, अवकाश पर हों या निलम्बित हो, उन्हें यह लाभ दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह भी कहा कि ठेके पर रखे गए कर्मचारी, होमगार्ड, कन्टिनजेंसी तथा वर्कचार्ज कर्मचारी भी इस लाभ के हकदार हैं। दरअसल, बीज एवं फार्म विकास निगम के



कर्मचारी आनंद वारी को कोरोना के दौरान अपना उपचार स्थानीय अस्पताल में करना पड़ा था जिसका लगभग 1 लाख रूपये के बिल की प्रतिपूर्ति से निगम द्वारा भुगतान करने से इनकार कर दिया गया था। कोर्ट ने मूल राशि के साथ 6 प्रतिशत ब्याज देने का भी आदेश दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शाश्वत अवस्थी ने पैरवी की।

## हाई कोर्ट ने मप्र ग्रामीण बैंक के अधिकारियों से मांगा जवाब

**जबलपुर**। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। मामला याचिकाकर्ता को बर्खास्त किए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। याचिकाकर्ता शिंचन कांति जाना की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता शाखा प्रबंधक के रूप में पदस्थ था। मामूली शिकायत के आधार पर अनुशासनात्मक अधिकारी से बर्खास्तगी जैसा कठोर निर्णय ले लिया। जबकि नियमानुसार बैंक का अध्यक्ष नियोक्ता होता है, अतः वहीं बर्खास्त कर सकता था। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद जवाब-तलब कर लिया।




# शिविरों में हजारों हितग्राही हुए लाभांवित

**जबलपुर**। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जो शिविर लगाए जा रहे हैं उनमें सभी हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत ढेरों लाभ मिल रहे, हमारी सरकार की यही मंशा है कि प्रत्येक हितग्राही को उसका लाभ समय पर मिले इसके लिए सरकार संकल्पित है। उक्त विचार रैंगवा मिडिल स्कूल में आयोजित शिविर में पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू भैया ने व्यक्त किये। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में हितग्राहियों को लाभ वितरण कर वार्डे में हरि झंडी दिखाकर रथ रवाना किया और हितग्राहियों को शपथ भी दिलाई।

गांधी भवन के सामने आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन ने कहा कि सरकार की योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ ही लाभ है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि हम सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाए और भी आगे बढ़े। यहां पर आयोजित शिविर में हजारों की संख्या में हितग्राहियों ने शामिल होकर योजनाओं का लाभ लिया।

शिविर में मुख्य रूप से एम.आई.सी. सदस्य एवं पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी, पार्षद विवेकराम सोनकर, अंजू अनीता जाट (गोलू), पार्षद अर्चना सिसौदिया, निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, अंजु सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त वेदप्रकाश, संभागीय अधिकारी राकेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, अजय लवाना, उपयंत्री अशोक वासनिक, केदारनाथ मंडेले, धर्मेन्द्र राज, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रोहित गुप्ता, दीपक शर्मा, नोडल अधिकारी रश्मि साहू, योजना लिपिक अर्चना तिवारी, एवं वरिष्ठ नागरिकगणों में कुलदीप सिंह सिसौदिया, अरविंद तिवारी, कुणाल पटैल एवं अन्य कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग, महिला बाल विकास बैंकिग आदि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल की आपूर्ति बनाये रखने एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात

**जबलपुर**। जिला प्रशासन द्वारा ड्राईवरों की हडताल के मद्देनजर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ऑयल और गैस डिपो एवं सडक मार्ग पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी जिले में पदस्थ सभी एसडीएम तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को दी गई है । इस बारे में अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया है । आदेश में कहा गया है कि सभी एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कानून एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखेंगे । एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र का पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित भ्रमण करने के तथा कानून व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण हर गतिविधि की सूचना तत्काल अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर, रांझी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट ग्रामीण तथा पुलिस कन्ट्रोल रूम में देने के निर्देश भी अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में दिये गये हैं।

# डीजल-पेट्रोल का वितरण तुरंत चालू करें : संभागायुक्त




**जबलपुर**। संभागायुक्त अभय वर्मा की अध्यक्षता में ड्राइवरों की हड़ताल से निर्मित परिस्थितियों के निराकरण के लिये संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह, फूड कंट्रोलर नदीमा शीरी के साथ जबलपुर पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन व इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के शीर्ष अधिकारियों सहित एचपीसी के डिपो मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, जबलपुर मोटर ट्रांसपोर्ट, टेंकर व ड्राइवर एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में ड्राइवरों की हड़ताल के कारण एवं उसके निदान पर चर्चा की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि नवीनतम भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 (2) में यह प्रावधान किया गया है, कि उपेक्षापूर्ण कार्य द्वारा मृत्युकारित करने के पश्चात पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को बिना सूचना दिये अभियुक्त निकल भागता है, तो वह 10 वर्ष की सजा तक का दण्ड का भागी होगा। उक्त प्रावधान में यह आवश्यक नहीं है कि एक्सीडेंट करने वाले वाहन का चालक घटना स्थल पर रुके। वह उक्त सूचना थोड़ी दूर जाकर भी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को फोन या अन्य माध्यम से दे सकता है। संभागायुक्त वर्मा ने कहा कि संविधान द्वारा हर एक व्यक्ति को जिंदगी व सुरक्षा का अधिकार दिया गया है। इसमें भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए। टेंकर मालिकों द्वारा ड्राइवरों को यह बात समझाई जाये। उन्होनें मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुये डीजल-पेट्रोल प्रोवाईडरों से कहा कि डीजल-पेट्रोल का वितरण तुरंत चालू करें। डीजल पेट्रोल की आपूर्ति रात में भी करें और संभाग के सभी जिलो में समुचित रूप से डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति हो। इसमें कहीं अवरोध न हो। यदि लोकहित के कार्य में कोई अवरोध पैदा करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें विशेष रूप से कहा कि डीजल-पेट्रोल सप्लाई शुरू करने के लिये ऑयल कम्पनी अपने ड्राइवर को समझायें और तुरंत ईंधन सप्लाई का कार्य शुरू कर दें।

संभागायुक्त वर्मा की समझाईश पर सभी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सहमति देकर लोकहित में ईंधन की सप्लाई तत्काल शुरू करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। एडिशनल एसपी क्राईम समर वर्मा ने कहा कि जन हित के कार्य में यदि कोई ड्राइवरों को धमकाता है या उन्हें रोकता है तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सभी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने तत्काल ही डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये अपने ड्राइवरों को समझाने की दिशा में काम करने को कहा।

## फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत पर कारावास

**जबलपुर**। अदालत ने फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत के मामले में जमानतदार को दोषी पाया। इसी के साथ आरोपित जबलपुर निवासी मुस्की लाल रजक को सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से दलील दी गई कि मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार आजम हुसैन की जमानत के लिए आरोपित ने जमीन की ऋण पुस्तिका पेश की थी। संदेह होने पर न्यायालय ने उक्त ऋण-पुस्तिका की जांच के आदेश दिए थे। जांच दौरान पाया गया कि उक्त जमीन आरोपित मुस्की लाल रजक के नाम पर दर्ज है, लेकिन ऋण पुस्तिका फर्जी है। जिसमें तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए हैं। सिविल लाइन पुलिस ने मामले में दोनों आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी व कूट रचित दस्तावेज तैयार करने के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपित को धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए सात साल के कारावास व एक हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। जबकि अन्य आरोपित आजम हुसैन को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया गया।

## संदेह का लाभ देकर किया दोषमुक्त

**जबलपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश अजय पेंदाम की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी अज्जू उर्फ अजय चौधरी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। राज्य की ओर से अभियोजन अधिकारी लहर दीक्षित ने सजा दिए जाने पर बल दिया। जबकि बचाव पक्ष की ओर से वर्षा तिवारी दुबे, प्रभा विश्वकर्मा, संध्या चौधरी व अर्पित किरार ने झूठा फंसाने का आरोप लगाया। दलील दी गई कि दीनदयाल चौक पर बस में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान आरोपित ने रामलखन गुप्ता को चाकू मारकर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान रामलखन की मृत्यु हो गई। अभियोजन की ओर से जोर देकर कहा गया कि आरोपित ने किसी का जीवन छीना है अतः उसे कठोर सजा दी जाए। जबकि बचाव पक्ष ने परिस्थिजन्य साक्ष्य की कड़ी टूटने सहित अन्य आधारों पर संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त करने की मांग की।

**शहीदों को दी श्रृध्दांजलि**

# ले.ज. पीएस शेखावत ने मध्य भारत एरिया का पदभार संभाला





जबलपुर।

लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत ने लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास से जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया , जबलपुर का पदभार संभाला। स्टेशन वार मेमोरियल में आयोजित समारोह में जीओएसी शेखावत ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत शहीदों को श्रृध्दांजलि दी। मध्य भारत एरिया भारतीय सेना की रणनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण फोर्मेशन्स में से एक है। लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत 19 दिसंबर 1987 को 16 मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में नियुक्त हुए । राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र, जनरल ऑफिसर ने रक्षा सेवा स्टाफ कोर्स, सीनियर कमांड कोर्स, हायर कमांड कोर्स और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, ढ़ाका, बांग्लादेश से महत्वपूर्ण कोर्स किये । मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने कमान संभालने पर आस्वस्त किया कि वे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों, जवानों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की अच्छी तरह से देखभाल की जाएगी और मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक , चिकित्सा व रसद आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है और जवानो से सम्बंधित शिकायत निवारण के कार्य उनके मुख्य जिम्मेदारी के क्षेत्र होंगे।

जनरल ऑफिसर ने कहा कि मध्य भारत एरिया के अंतर्गत छह प्रमुख राज्य शामिल हैं, जिनमें मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से और ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार के पूरे राज्य शामिल हैं, जो इसे भारतीय सेना के सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण फार्मेशन में से एक बनाते हैं। यह फार्मेशन भारतीय सेना की रणनीतिक और परिचालन तैयारियों में अत्यधिक महत्व रखता है। यह कई महत्वपूर्ण सैन्य और रणनीतिक प्रतिष्ठानों जैसे सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो, विभिन्न ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों और आर्मी बेस वर्पशॉप का संचालन करता है। यह शांति के समय और युद्ध जैसी स्थितियों के दौरान भारतीय सेना की सामरिक और रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भारतीय सेना के लिए हथियार, गोला-बारूद, युद्ध के दौरान जनशक्ति और नियमित रसद आपूर्ति करने वाले प्रमुख फार्मेशन में से एक है। इस फार्मेशन में कई प्रशिक्षण संस्थान हैं जो भारतीय सेना के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों और सैनिकों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। मध्य भारत एरिया के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र भारतीय सेना के लिए सबसे बड़ी संख्या में अग्निवीरों को प्रशिक्षित करते हैं। इसके अलावा, मध्य भारत एरिया अपने जिम्मेदारी क्षेत्र में आंतरिक और भीतरी इलाकों की सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक आबादी और प्रशासन अधिकारियों को सहायता प्रदान करता है और आपदा प्रबंधन कार्यों में भी सक्रिय रूप से संलग्न रहता है। मध्यभारत एरिया किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय नागरिक प्रशासन और हमारे समाज की मदद के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। जीओसी ने यह भी कहा कि मुख्यालय मध्य भारत एरिया और राज्य के नागरिक अधिकारियों के बीच समन्वय और सहयोग बहुत अच्छा है, । बेहतर कार्य कुशलता के लिए इसे परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए भी तत्पर हैं।

### शानदार करियर और अनुभव

जनरल ऑफिसर के पास विभिन्न हाई प्रोफाइल कमांड स्टॉफ और अनुदेशात्मक नियुक्तियों का व्यापक अनुभव है। अपने कार्यकाल के दौरान बटालियन, एक आर्मड ब्रिगेड, गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच टकराव के दौरान उन्होंने पूर्वी लद्दाख में एक माउंटेन डिवीजन की कमान संभाली। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला में प्रशिक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं । उन्होंने यूएनआईएफआईएल लेबनान में संपर्प अधिकारी ,सेना मुख्यालय के सैन्य सचिव शाखा में सहायक सैन्य सचिव, इन्फैंट्री डिवीजन में कर्नल जनरल स्टाफ , मैकेनाइज्ड फोर्स के महानिदेशक, कर्नल जनरल स्टाफ (प्रशिक्षण) के रूप में भी काम किया है। दक्षिण पश्चिमी कमान में ब्रिगेडियर जनरल स्टॉफ (ऑपरेशंस) के रूप में भी कार्यरत रहे हैं । मेजर जनरल प्रशासन दक्षिणी कमान के प्रतिष्ठित पद पर रह चुके है और मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट के कर्नल ऑफ दी रेजिमेंट है । उन्होंने सेना मुख्यालय में महानिदेशक, अनुशासन, समारोह और कल्याण के रूप में भी कार्य किया है।



# हाऊसफुल रहे शहर के पिकनिक स्पॉट

## नये साल की खुशियां मनाने पहुंचे लोग

**जबलपुर**। नये वर्ष की पूर्व संध्या पर जहां होटलों, क्लबों और कालोनियों में जश्न मनाया गया, वहीं मध्यम वर्गीय आम परिवार के लोगों ने नये वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को पिकनिक मनाकर नये साल की खुशियां मनाई। शहर के तमाम पिकनिक स्पॉट भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट, बरगी बांध, टैम्भर फाल, भंवरताल उद्यान, शैलपर्ण उद्यान, देवताल, टैगोर उद्यान, ड्रीमलैण्ड फनपार्प में पिकनिक मनाने वालों की भीड़भाड़ रही। पिकनिक स्पॉटों पर होटलों मोल व रेस्टोरेंटों में भीड़ रही, वहीं बहुत से लोग घरों से खाना बनाकर ले गये थे। उद्यानों में बच्चों ने झूलों का आनंद उठाया। सरकारी दफ्तरों में भी नये वर्ष का माहौल रहा। लोग एक-दूसरे को बधाईयां और शुभकामनाएं देते रहे। नाच-गाकर लोगों ने नये साल की खुशियां मनाईं। इस पाश्चात्य संस्कृति से दूर धार्मिक, आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों ने सुबह जल्दी उठकर स्नान ध्यान किया, वहीं बहुत सारे लोग नर्मदा तटों पर स्नान करने गये और हवन-पूजन दान आदि किया। नये वर्ष की पूर्व संध्या से शुरू हुई धूमधाम नये वर्ष के पहले दिन भी जारी रही। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सरकारी दफ्तरों से अधिकांश लोगों ने अवकाश ले रखा था। सब लोग पिकनिक मनाने के मूड में रहे। नये वर्ष पर सुबह से देर शाम तक पार्टियों का दौर चलता रहा और लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं व बधाईयां देते रहे।

# ड्राईवरों की मांग पर ध्यान दे सरकार : कोष्टा

**जबलपुर**। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा हिट एंड रन कानून में व्यवारिक कठनाईयां हैं जिसपर केन्द्र सरकार को विचार करना चाहिये। कोष्टा केंद्र सरकार ने तीन कृषि काले कानून के बाद हिट एंड रन कानून के विरोध में गाड़ी चलाको, ड्राइवरों ने चक्का जाम कर हड़ताल पर बाध्य हुए। सरकार ने बिना सोचे समझे मोटर कानून में बदलाव करके चालक से एक्सीडेंट होने पर 10 साल की सजा और 5 लाख का जुर्माना का प्रावधान किया जाना गलत है। कोई भी ड्राइवर या गाड़ी चालक जानबूझकर एक्सीडेंट नहीं करता। जब गाड़ी का मालिक गाड़ी का इंश्योरेंस कराकर हर साल 25 से 30000 इसलिए चुकता है, कि रिस्क कवर हो गाड़ी का इंश्योरेंस है तो ड्राइवर से 5 लाख का जुर्माना लेने का प्रावधान क्यों किया गया। शासन प्रशासन से मांग है कि ड्राइवर की मांगों पर तत्काल ध्यान दें ।

# संयुक्त प्रयास से लक्ष्य हासिल करेंगे

# शक्तिभवन में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित

जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने विद्युत अभियंताओं व कार्मियों को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के उत्कृष्ट व संयुक्त प्रयास से विद्युत कंपनियों की प्रगति और उपभोक्ताओं को संतुष्ट करने के लक्ष्य हासिल किए जा सकेंगे। मनजीत सिंह व सुनील तिवारी आज एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के संयोजन में शक्तिभवन के ब्लॉक नंबर 14.15 के समक्ष नववर्ष अभिनंदन



समारोह में विद्युत अभियंताओं व कार्मिकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्युत अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे। मनजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को सतत व निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए विद्युत कंपनियां दृढ़ संकल्पित हैं। सुनील तिवारी ने कहा कि पिछले वर्ष की चुनौतियों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया और आशा है कि प्रदेश के विद्युत क्षेत्र के अभियंता व कार्मिकों के सम्मिलित प्रयास से वर्ष 2024 के लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग संपादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत अभियंता व कार्मिक प्रत्येक चुनौती का सामना करने व उन्हें निष्पादित करने में पूर्णतः सक्षम हैं। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन पावर मैनेजमेंट कंपनी के जनसम्पर्प अधिकारी पंकज स्वामी ने किया।





# भागवत कथा में हुआ कृष्ण जन्म

**जबलपुर**। महिला मंडल महावीर कंपाउंड सदर में चल रही भागवत कथा में साल के प्रथम दिन पर भगवान कृष्ण जन्म की लीला कथा वाचक सुश्री अंकिता पाण्डेय के मुख से बताई गई। जिसको सुन सब मंत्र मुग्ध हो गए और कृष्ण जन्म होते ही सब खुशी से झूम उठे। जिसके बाद माखन मिश्री का भोग लगाकर सभी को वितरित किया गया। सभी कृष्ण भक्ति में झूमते रहे। कथा का समापन 4 जनवरी को होगा।



# जबलपुर पुलिस की नई पहल

**जबलपुर**। 1 जनवरी चिन्हित मार्गों पर व्यापक पुलिस व्यवस्था लगाकर हैल्मेट एवं सीट बैल्ट लगाकर वाहन चालने हेतु कडाई से पालन कराया गया।




**श्रीमती विमला खरे**- गंगामैया व्हीकल निवासी निवासी श्री डीपी खरे की धर्मपत्नी श्रीमती विमला खरे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चम्पी देवी गुप्ता**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री मोती लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती चम्पी देवी गुप्ता (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीरा बाई पासी**- पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री मोती लाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई पासी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री अभिनाश कौर सिद्धू**- रतन नगर निवासी श्री बलवंत सिंह सिद्धू की पुत्री सुश्री अभिनाश कौर सिद्धू (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ईला मुखर्जी**- कांचघर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री गोपीनाथ मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती ईला मुखर्जी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई चौधरी**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री महादेव चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई चौधरी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरी नारायण सोनी**- सुहागी पन्नी मोहल्ला निवासी श्री हरी नारायण सोनी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम लाल रैकवार**- खाई मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री राम लाल रैकवार (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्रीकांत खरे**- दयानगर यादव कॉलोनी निवासी श्री श्रीकांत खरे (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार विनोदिया**- कटारिया होम्स पोलीपाथर निवासी श्री विजय कुमार विनोदिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई गुजराती**- अधारताल निवासी श्री रमेश गुजराती की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई गुजराती (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई चौधरी**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गली नं. 3 पोलीपाथर निवासी श्री रघुनंदन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हजारी लाल कोरी**- गोरा बाजार कैंट निवासी श्री हजारी लाल कोरी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश श्रीवास**- दुर्गा नगर ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री सुरेश श्रीवास (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## पेट दर्द से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर**। गोसलपुर थाना अतंर्गत रिठौरी में पेट दर्द से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिठौरी निवासी 35 वर्षीय जगदीश कोल गत रात लगभग 8 बजे खाना खाकर रात लगभग 10 बजे कमरे में सोने चला गया था। सोमवार की सुबह लगभग 4 बजे उसकी भाभी ने देखा कि जगदीश कोल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जगदीश के बड़े भाई हीरालाल कोल ने बताया कि जगदीश शराब का सेवन करता था जिससे उसका लीवर कमजोर हो गया था और उसके पेट में बहुत दिनों से दर्द भी था जिस कारण उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



# पुलिस अधीक्षक को मिला सेलेक्शन ग्रेड

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा 1 जनवरी 24 को 13 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करने के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक जबलपुर आदित्य प्रताप सिंह को भारतीय पुलिस सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान मैट्रिक्स में प्राधिकृत किए जाने संबंधी आदेश जारी किए जाने पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज आर.आर. सिंह परिह ने आदित्य प्रताप सिंह के दोनों कंधों पर दूसरा स्टार एवं कॉलर डाज लगाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## रस्ट डेस्क डाउनलोड करते ही खाते से निकले डेढ़ लाख

**जबलपुर**। कोतवाली थाना अतंर्गत कोतवाली बाजार में एक युवक के खाते से अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी कर पांच बार में 1 लाख 45 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बाजार निवासी 47 वर्षीय अनुराग अग्रवाल ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसका पेटीएम खराब हो गया था, तो उसने गूगल सर्च से पेटीएम कस्टमर केयर का नंबर देखकर कॉल लगाया, जिसने उसे रस्टडेस्क डाउनलोड करने को कहा, डाउनलोड करने के बाद अज्ञात आरोपी ने अनुराग को बातों में उलझाकर उसके मिलौनीगंज ब्रांच स्थित एसबीआई बैंक खाते से 5 बार में 1 लाख 45 हजार रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए।

**CHANGE OF NAME**

I, NISHU KUMARI W/O BHUWNESHWAR R/O VILL-BHANET HALDWARI, PO-BHAROG BANERI, TEH-PAONTA SAHIB, DIST-SIRMOUR (HIMACHAL PRADESH)-173022 I have changed of my name from NISHU SHARMA (name as per my SON (NAYAN SHARMA) EDUCATIONAL RECORDS) to NISHU KUMARI (name as per my AADHAR CARD, PAN CARD, EDUCATIONAL DOCUMENTS, AND MY OTHER DOCUMENTS RECORD) Affidavit dated 01/01/2024 by Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).
CORRECT NAME- NISHU KUMARI
INCORRECT NAME- NISHU SHARMA





## हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राइवरों की हड़ताल से रही अफरा-तफरी

# डीजल नहीं मिलने से बसों के पहिए भी थमे, यात्री घर लौटे

**जबलपुर।** हिट एंड रन कानून के विरोध में बस चालकों ने हड़ताल कर दी हैं। ट्रक वाले भी आजकल में हड़ताल जाने की तैयारी में हैं। टेंकर चालक कल से ही हड़ताल पर हैं। अंतर्राज्जीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) दीनदयाल चौक स्थित बस स्टेंड में विवाद की स्थिति देखने मिली। यहां पहुंचे यात्रियों को बस ड्राईवर पहुंचाने लगे। दूसरी और यह भी कहा जा रहा है कि डीजल पेट्रोल नहीं मिलने के कारण बसें खडी हो गई, जिससे यात्री परेशान हुए। नये साल के पहले ही दिन हड़ताल के चलते सड़क परिवहन करने वालें यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां बता दें कि डीजल, पेट्रोल टेंकर चालकों ने रविवार की सुबह से ही हड़ताल कर दी, जिससे के बाद डीजल पेट्रोल की आपूर्ति लड़खड़ा गई। शहर के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारे लग गई। कई पेट्रोलपंपों पर डीजल पेट्रोल का स्टॉक खत्म होने पर ताले लटक गए। वहीं पीछे से कालाबाजारी का खेल भी शुरु हो गया। शाम 5 बजे के बाद पेट्रोलपंपों पर विकट स्थिति निर्मित हो गई। वाहनों की लंबी-लंबी कतारे देख अफरा तफरी मचने लगी। हालांकि प्रशासन की ओर से दावे किए जा रहे है कि डीजल पेट्रोल की कही से कोई कमी नही है। ड्राइवर का इंतजाम कर डीजल पेट्रोल के टेंकर पेट्रोल पंपों तक पहुंचाए गए। रविवार की शाम को ही लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि आम जनता को डीजल पेट्रोल को लेकर कोई परेशानी न हो, इसके बाद जिला प्रशासन एक्टिव मोड पर आया और खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी व्यवस्था बनाने में जुट गए। सरकारी ड्राइवरों से टेंकर चलवाए जा रहे हैं। यहां बात दें कि देश में लागू हुए हिट एंड रन कानून जिसमें 10 साल की सजा और 7 लाख जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस कानून के विरोध में शहपुरा भिटौनी पेट्रोलियम डिपो के बाहर टेंकर चालकों ने हड़ताल शुरु कर धरना पर बैठ गए। जिसका असर यह हुआ कि शहर में डीजल, पेट्रोल को लेकर अफरा तफरी मच गई। सोमवार को भी पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी लाईने लगी रही। उधर लॉग रुट पर जाने वाली बसों को डीजल नहीं मिलने पर बसों के पहिए भी जाम हो गए, जिससे बस स्टेंड पहुंचे यात्रियों को बेरंग लौटना पड़ा। आईएसबीटी से एक भी बस अपने रूट पर नहीं निकाली गई। जिसका असर यह रहा कि आईएसबीटी के अंदर से लेकर बाहर तक बसों का जमावड़ा लग गया। बताया जाता है कि शहपुरा भिटौनी पेट्रोलियम डिपो के बाहर धरने पर बैठे टैंकर चालकों द्वारा प्रारंभ की गई हड़ताल की वजह से रविवार की शाम 4 बजे के बाद से डीजल, पेट्रोल पम्पों में ईंधन की मची किल्लत का असर यह रहा है कि बसों में डीजल की आपूर्ति नहीं हो पाई।



### मेट्रो बसों के टेंक भी सूखे, नहीं चलीं

इधर, डीजल एवं चालकों के अभाव में सिटी मेट्रो बसों का संचालन भी आज नहीं हो सका और सभी 80 मेट्रो (चलो बस) के पहिये थमे रहे। सूत्रों की मानें तो जिनके वाहनों में पर्याप्त डीजल था उन्होने भी हिट एंड रन केस को लेकर बने नये कानून के विरोध में दबे पांव हड़ताली ट्रक चालकों का समर्थन किया और बसों का संचालन पूरी तरह से बंद रखा। उल्लेखनीय है कि आईएसबीटी से उत्तप्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के अलावा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए रवाना होने वाली बसें जहां.तहां खड़ी कर दी गई। सवारियों आईएसबीटी तक पहुंची जरूर लेकिन उन्हे घर लौटना पड़ा।

### ट्रक चालक भी तैयार हड़ताल के लिए

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने ड्राईवरों की मांग का समर्थन किया, जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि ट्रक चालक भी हड़ताल पर जा रहे है। अगर ऐसा हुआ तो नेशनल हाईवे पर जाम लगना तय है वहीं डीजल पेट्रोल के बाद फल, सब्जी, अनाज, तेल की आपूर्ति पर भी प्रभाव पड़ सकता है। इन तमाम संभावनाओं को देखते हुए कालाबाजारियों ने माल का स्टॉक करना शुरु कर दिया। आवश्यक वस्तु की आपूर्ति हो उसके पहले जिला प्रशासन को कदम उठाना पड़ेगा। सरकार को ही बीच का रास्ता निकालना होगा, वरना हालात बेकाबू हो सकते हैं।

### उपभोक्ता मंच ने कहा हड़ताल जनहित के खिलाफ

बस, ट्रक तथा अन्य भारी वाहन चालकों द्वारा की जा रही हड़ताल को अवैध घोषित करें। आवश्यक सेवाएं द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दोषियो पर कार्रवाई करें, क्योंकि इनके हड़ताल से आवश्यक सेवाएं ठप्प पड़ी। पेट्रोल, डीजल आदि आवश्यक वस्तुओं का सप्लाय बंद हुआ। हड़ताल जनहित के खिलाफ है। यह मांग कर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने 31 दिसंबर को इमेल से मप्र के मुख्य सचिव को नोटिस भेजा। डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि एनसीआरबी के रिपोर्ट के अनुसार सड़क हादसों में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच द्वारा मप्र हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका डब्ल्यूपी 19466/2019 के तहत मोटरयान अधिनियम के संशोधन को मप्र शासन ने 6 मार्च 2023 को प्रकाशित किया था, फिर भी मोटरयानों का गलत संचालन कम नहीं हुआ। अब भारतीय दंड संहिता 2023 में भी संशोधन कर सजा एवं जुर्माने को प्रावधान किया गया है। जिसका उद्देश्य हादसों में कमी लाना है।

### डीजल संकट से एम्बयूलेंस और अस्पतालों के जनरेटर खतरे में

टैंकरों की हड़ताल का चौतरफा असर दिखने लगा है। एक बात साफ है कि यदि अगले 48 घंटे में हड़ताल खत्म नहीं हुई तो हाहाकार जैसी स्थितियां निर्मित होना शुरु हो जाएंगी। कई स्कूलों ने छुट्टी घोषित करने की तैयार भी कर ली है। वहीं सबसे बड़ा संकट अस्पतालों के ऊपर है, जहां डीजल से चलने वाले जनरेटर और मशीनों की यदि डीजल सप्लाई रुकी तो भर्ती मरीजों की जान पर बन आएगी। मरीजों की जान बचाने में एम्बयूलेंस संजीवनी होती है, उसके लिये भी डीजल पेट्रोल संकट काल बन रहा है। गौरतलब है कि टैंकर हड़ताल से डीजल सप्लाई बाधित है। अस्पतालों में कुछ देर के लिये भी बिजली गुल होने पर जनरेटर संजीवनी बनता है। क्योंकि यदि कुछ देर के लिये किस अस्पताल में टोटल ब्लैक आउट की स्थिति बनती है तो मरीज की जान पर बन आएगी। अस्पतालों को यही फिक्र खाई जा रही है, डीजल खत्म हो रहा है, आपूर्ति बाधित है, अब यदि बिजली गई तो स्थिति विकराल हो जाएगी। वहीं टैंकर्स की हड़ताल में यदि ट्रक भी शामिल हो गये तो विद्युत कंपनियों के कामकाज भी प्रभावित होने लगेंगे। कुल मिलाकर यदि पेट्रोल डीजल सप्लाई सुचारू नहीं हुई तो हालात बिगडना तय है।

---

#### अनावेदकों को नोटिस जारी, जवाब तलब

## मप्र ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक की बर्खास्तगी को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के न्यायधीश विनय श्रॉफ की एकलपीठ ने मप्र ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक को सेवा से बर्खास्त करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष प्रबंधक और अनुशासित अधिकारी इंदौर को नोटिस जारी करते हुए एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। मामलें की अगली सुनवाई 8 जनवरी को नियत की गई है। याचिका कर्ता शिंचन कांति जाना की ओर से दायर की गई याचिका में अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी एवं अमित चौधरी ने दलील दी कि ग्रामीण बैंक के अनुशासित अधिकारी (अनुशात्मक प्राधिकारी) द्वारा याचिकाकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बर्खास्तगी का आदेश सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया। ग्रामीण बैंक में अभी सेवा से बर्खास्त करने सक्षम अधिकारी (अध्यक्ष) द्वारा ही आदेश जारी किया जा सकता है। किसी भी अधिकारी को हटाने का आदेश प्राधिकारी अध्यक्ष का है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांत भी पेश किए, साथ ही जबलपुर हाईकार्ट द्वारा पंजाब नेशनल बैंक भोपाल के एक मामलें में दिए गए फैसले का दृष्टांत भी प्रस्तुत किया गया। अधिवक्ता के तर्को से सहमत होकर न्यायालय में अनावेदकों को नोटिस जारी कर एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है।

---

#### रोज-रोज होने वाली चेकिंग में कुछ ही बसें मिलीं

## अनफिट बसें गायब, डाटा नहीं निकाल पाया विभाग

**जबलपुर।** गुना में हुए भीषण बस हादसे के सडक़ों पर उतरे परिवहन और पुलिस विभाग को अब अनफिट बसें नहीं मिल रहीं है। रोज-रोज होने वाली चेकिंग में कुछ बसें मिलीं, लेकिन अब गायब ही हो गईं। जिन रूटों पर परिवहन विभाग और पुलिस की चेकिंग चल रही है, हकीकत में वहां से अनफिट बसें निकल ही नहीं रहीं। वहीं हादसे के बाद सक्रिय होने का दावा करने वाला परिवहन विभाग खुद तीन दिन बाद तक यह डाटा नहीं निकाल सका कि कितनी बसें अनफिट, कितनी बिना बीमा व बिना टैक्स के चल रहीं हैं।

यह स्थिति तब है जब प्रदेश में परिवहन विभाग के पास वाहन-4 पोर्टल पर पूरा डाटा मौजूद है जो एक क्लिक से निकल सकता है। बता दें कि गुना बस हादसे के बाद से परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से रोजाना कार्रवाई की जा रही हैं, जिसमें सबसे ज्यादा फोकस फिटनेस, बीमा व टैक्स को लेकर है। शासन की ओर से हादसे के बाद सख्त निर्देश दिए गए हैं कि नियमों को तोडक़र चलने वाली बसों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और जो अधिकारी इसको लेकर बेपरवाह हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए। परिवहन विभाग ने हादसे के तत्काल बाद ही दावा किया था कि प्रदेश के सभी आरटीओ को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने जिलों में पोर्टल से अनफिट, गैर बीमा ऐसी बसों का डाटा निकाल तत्काल कार्रवाई करें। यह निर्देश जरूर जारी हुए लेकिन इसके बाद परिवहन अमला हरकत में नहीं आया, अभी तक डाटा नहीं निकाला गया है।



### आपरेटरों का मुखबिर तंत्र भी सक्रिय

बस आपरेटरों का मुखबिर तंत्र भी सक्रिय है, खासकर गुना हादसे के बाद किस रूट पर परिवहन विभाग व पुलिस की चेकिंग चल रही है यह खबर पहले ही पहुंच जाती है। आपरेटर यह जानकारी मिलते ही ऐसी बसें जो अनफिट हैं या जिनका बीमा नहीं हैं, उन्हें समय से नहीं निकालते हैं। यहां सडक़ पर चेकिंग खत्म होने का इंतजार किया जाता है।

---

#### बैंक चालान फर्जीवाड़ा रोकने कुलपति गंभीर

## रादुविवि: ऑनलाईन शुल्क जमा करने व्यवस्था पर जोर

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में जारी बैंक चालान के नाम पर फर्जीवाड़े की शिकायत लम्बे समय से आ रही है। जिसे रोकने के लिये नये कुलपति डॉ. राजोश वर्मा ने कमर कस ली है। कुलपति ने निर्देश दिये हैं कि तमाम शुल्क केवल ऑन लाइन माध्यम से जमा हो। साथ ही शुल्क जमा होने के बाद उसका प्रतिदिन क्रास बेरीफिकेशन भी कराया जाएगा,ताकि विश्वविद्यालय के खजाने में कोई सेंधमारी न कर पाए। कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने बताया कि विभिन्न पाठ्य़क्रमों में प्रवेश के लिए, हॉस्टल में प्रवेश व कई अन्य शुल्कों को बैंक चालान के माध्यम से जमा किया जाता था। लेकिन विगत दिनों फर्जी चालान के मामले सामने आने के बाद अब व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। गौरतलब है कि नवागत कुलपति डॉ. राजेश वर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद पहली प्रशासनिक बैठक में उक्त बिंदू पर चर्चा की गई थी। जिसके बाद कुलपति डॉ. वर्मा ने निर्देश दिए है कि बैंक चालान में हो रहे फर्जीवाडे को रोका जाए। वहीं जल्द से जल्द ऑन लाइन शुल्क जमा करने की व्यवस्था की जाए। इतना ही नहीं ऑन लाइन शुल्क जमा करने के उपरांत आवेदक द्वारा जो प्रति विश्वविद्यालय में जमा की जाएगी उसका बेरीफिकेशन भी प्राथमिकता के साथ हो। बताया जाता है कि ऑडिट रिपोर्टस में भी कई बार इस बात का उल्लेख सामने आया है कि जितनी राशि विश्वविद्यालय में बहीखाते में नजर आयी है। उतनी विश्वविद्यालय के बैंक एकाउंट में नहीं होती है। आरोप है कि गायब राशि करोड़ों में बतायी जाती है।

---

#### शाम ढलने के बाद बढ़ा शीतलहर की ठंड

## बादलों की आवक से तापमान में उछाल



**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तापमान में उछाल आने लगी। दिन और रात का तापमान औसत से ऊपर चला गया है। सोमवार को नए साल के पहले दिन आसमान पर हल्के बादल छाए रहे। दिन में ठंड सामान्य रही। शाम ढलने के बाद शीतलहर शुरु हो गई थी। मौसम विज्ञान का कहना है कि दो तीनों दिनों के अंदर फिर बादल छाएंगे और बारिश के आसार बन सकते है फिलहाल बादलों की वजह से दिन का तापमान ऊपर चला गया जिससे ठंड से राहत महसूस होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों सामान्य से ऊपर चल रहे हैं। रात में जरूर गुलाबी ठण्डक बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर हवाओं की दिशा भी दक्षिण पूर्वी हो जाने से ठण्ड के आक्रामक तेवरों में कमी आई है। अब दिन में लोगों को गर्म वस्त्र की आवश्यकता नहीं होती। रात में जरूर लोग गर्म वस्त्रों से लदे नजर आते हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसम में आए परिवर्तन के कारण तापमान इतरा रहा है। जबकि तापमान में उछाल आ रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 89 प्रतिशत ओर सायंकाल 67 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.52 बजे और सूर्यास्त शाम 5.36 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 24.0 न्यूनतम तापमान 09.0 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिण पूर्वी हवाएं 2 से 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम 8.5 डिग्री तापमान कल्याणपुर में दर्ज किया गया।

---

#### *2024-25 के टैरिफ में बिजली कंपनी का प्रस्ताव*

## दिन में मिलेगी सस्ती, रात में महंगी हो जाएगी बिजली

**जबलपुर।** मप्र प्रदेश में अब औद्योगिक और गैर घरेलू उपभोक्ता के लिए दो तरह का टैरिफ तय किया जा रहा है। दिन के वक्त ऐसे उपभोक्ताओं को जहां सस्ती बिजली मिलेगी, वहीं रात के वक्त बिजली का उपयोग महंगा पड़ेगा। इसे टाइम आफ डे (टीओडी) टैरिफ कहा जाता है। बिजली कंपनी शाम पांच बजे के बाद से मिलने वाली बिजली को तय दर से ज्यादा कीमत पर देगी। इसके अलावा सरचार्ज भी अतिरिक्त वसूला जाएगा। कंपनी ने पहली बार इस तरह का प्रस्ताव मप्र विद्युत नियामक आयोग को 2024-25 की टैरिफ याचिका में दिया है। अब मप्र विद्युत नियामक आयोग का इस पर फैसला लेना है हालांकि इस नियम को केंद्र सरकार के संशोधित विद्युत अधिनियम के तहत लागू होने का दावा किया जा रहा है।

केंद्र सरकार के उपभोक्ता अधिकार अधिनियम में टाइम आफ डे (टीओडी) टैरिफ लागू करने का प्राविधान किया है। जिसे राज्यों में लागू किया जाना है। इसमें सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाना है। दिन के समय सौर ऊर्जा भरपूर होती है इसलिए उपभोक्ताओं को दिन में अधिक बिजली उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए टाइम आफ डे टैरिफ लागू किया जा रहा है ताकि दिन में सस्ती बिजली मिलने पर उपभोक्ता इंडस्ट्री और व्यावसायिक गतिविधियों को दिन में संचालित करें। जबकि रात के वक्त बिजली की मांग पूरी करने के लिए कोयला आधारित ताप गृह से बिजली से बिजली लेनी पड़ती है इससे तरफ कोयला की खपत अधिक होने से पर्यावरण को भी नुकसान होता है। सरकार ग्रीन एनर्जी को अधिक बढ़ावा देने के लिए भी इस योजना को लागू कर रही है।



### क्या है याचिका में

नए वित्तीय वर्ष में अप्रैल माह से प्रदेश के लोगों को बिजली 3.86 फीसदी महंगी मिल सकती है। मप्र नियामक आयोग ने मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की सौंपी टैरिफ पिटीशन स्वीकार कर ली है। बिजली कंपनियों ने 2046 करोड़ की भरपाई के लिए बिजली दरें बढ़ाने की अनुमति आयोग से मांगी है। आयोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस टैरिफ पर दावे-आपत्तियां बुलाकर 29 जनवरी को जबलपुर, 30 जनवरी को भोपाल और 31 जनवरी को इंदौर में जनसुनवाई करेगा। इसके बाद बिजली दरें बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा।

### अभी ये एलटी, एचटी उपभोक्ता के लिए टैरिफ

माह-अप्रैल- अक्टूबर- पीक समय सुबह 6 बजे से 9 बजे, शाम 5 बजे रात 10 बजे- कोई छूट नहीं है। सुबह 9 से शाम पांच बजे, रात 10 से सुबह 6 बजे- 9- सुबह 9 से शाम 5 बजे तक छूट नहीं। इसके बाद रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिजली उपभोग पर दस प्रतिशत की छूट सामान्य एनर्जी चार्ज पर। नवंबर- मार्च-पीक समय सुबह 6 बजे से 9 बजे और शाम पांच बजे से रात दस बजे तक- कोई छूट नहीं है। कम मांग वाला समय- सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे और रात दस बजे से सुबह 6 बजे तक- सुबह 9 बजे से पांच बजे तक कोई छूट नहीं। रात दस बजे से सुबह 6 बजे तक बिजली उपभोग करने पर सामान्य बिजली चार्ज पर 20 प्रतिशत की छूट है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240